दिन– मंगलवार दिनांक– 22 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. वायु सेना की सूर्य किरण टीम आज पटना में एयरोबैटिक– एयर शो शुरू करेगी। कल आयोजित होगा मुख्य समारोह।

02. मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने विभिन्न विभागों में रिक्त चौंसठ हजार पांच सौ उनसठ पदों पर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।

03. राज्य सरकार ने पश्चिम चंपारण के बगहा से भोजपुर के पातर तक नये राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी बयालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ सबसे गर्म स्थान रहा।

---

वायु सेना की सूर्य किरण टीम आज पटना में एयरोबैटिक– एयर शो शुरू करेगी। दो दिनों के इस कार्यक्रम में वायु सेना के सूर्य किरण विमान हैरत अंगेज करतब दिखायेंगी। यह एयर–शो पटना में सुबह दस बजे से ग्यारह बजे तक जे.पी. गंगा पथ पर आयोजित होगा। अठारह सौ सत्तावन की क्रांति के नायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि मुख्य समारोह कल होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसका उद्‌घाटन करेंगे।

–––रिपोर्ट–––

एयर–शो के लिए भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण टीम का अब से थोड़ी देर बाद फुलड्रेस रिहर्सल होगी। आम जनता भी इसे देख सकेगी। राजधानी के चालीस स्कूलों के बच्चे भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। इससे पहले आकाश गंगा पैराट्रूपर्स वीर कुंवर सिंह की तस्वीर लेकर पैराशूट के जरिए तिरंगा बनाते हुए धरती पर उतरेंगे। इसके बाद पैंतालीस मिनट तक सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम आसमान में करतब दिखाएगी। इसमें नौ हॉक फाइटर और एक सौ तेईस जेट विमान शामिल किये गये हैं। इधर, एयर–शो को लेकर आज और कल जे.पी. गंगा पथ से लेकर सोनपुर और हाजीपुर तक नो–फ्लाई जोन घोषित किया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि एयर–शो को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं।

———बाइट———

पटना ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने बताया कि आज और कल यातायात प्रबंधन के मद्देनजर जे.पी. गंगा पथ पर सुबह छह बजे से पूर्वाह्न ग्यारह बजे तक वाहनों के परिचालन में परिवर्तन किया गया है।

———बाइट———

---

प्रदेश के विभिन्न विभागों में रिक्त चौंसठ हजार पांच सौ उनसठ पदों पर शीघ्र नियुक्ति होगी। पटना में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान प्रस्तुतिकरण के माध्यम से खाली पदों की जानकारी मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा को दी गई। इसमें बताया गया कि चौदह हजार नौ सौ अड़सठ पदों पर नियुक्ति के लिए संबंधित दस विभागों की ओर से अधियाचना विभिन्न आयोगों को भेजी जा चुकी है। मुख्य सचिव ने शेष उनचास हजार पांच सौ इक्यानवे पदों को जल्द भरने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिन विभागों में नियुक्ति होनी है, उनमें खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, जल संसाधन, कृषि, लघु जल संसाधन, पशु और मत्स्य संसाधन, सहकारिता, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन तथा गन्ना उद्योग शामिल हैं।

---

मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने सामान्य प्रशासन विभाग को अधिकारियों के वायरल वीडियो के मामले में ठोस कार्रवाई करने के लिए एक मानक संचालन नियमावली—एसओपी तैयार करने का निर्देश दिया है। श्री मीणा ने सभी विभागों को दोषी या कार्य निष्पदान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को चिन्हित कर तुरंत विभागीय कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

---

राज्य सरकार ने पश्चिम चंपारण के बगहा से भोजपुर के पातर तक नये राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है। इसका नाम 'नारायणी—गंगा कॉरिडोर' दिया गया है। पथ निर्माण विभाग ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से अनुरोध किया है कि वह इसकी संभाव्यता रिपोर्ट तैयार करे ताकि डीपीआर बनाने की कार्रवाई शुरू की जा सके। प्रस्तावित एनएच की लंबाई दो

सौ पच्चीस किलोमीटर होगी और इस पर लगभग चार हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस एनएच को ग्रीनफील्ड हाईस्पीड कॉरिडोर के तौर पर विकसित किया जाएगा।

---

शिक्षा विभाग ने राज्य के तीन सौ सत्तावन निजी स्कूलों का यू–डायस कोड रद्द कर दिया है। इन स्कूलों ने विभाग के निर्देश के बाद भी यू–डायस पोर्टल पर अपने विद्यालय की जानकारी आंकड़ों में नहीं दी थी। जिन विद्यालयों का यू–डायस कोड रद्द किया गया है, उन्हें सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त थी।

---

गया जिले के चार बालू घाट संवेदकों से दो साल पुराने मामले में तीस करोड़ उनहत्तर लाख रुपये जुर्माने की वसूली होगी। साथ ही जुर्माना राशि को तैंतीस लाख तक घटा देने वाली निलंबित जिला खनन पदाधिकारी निधि भारती के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चलेगी। उप मुख्यमंत्री सह खान और भूतत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी।

---

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। अधिकांश स्थानों का अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया, गोपालगंज, बक्सर और औरंगाबाद का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। इस अवधि में रोहतास का डेहरी बयालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है।

———बाइट———

इधर, आज राजधानी पटना और शेखपुरा समेत कई स्थानों पर सुबह–सुबह धुंध की स्थिति देखी गई।

---

विश्व में पर्यावरण संरक्षण प्रयासों में समर्थन के लिए आज पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। वर्ष उन्नीस सौ उनहत्तर में यूनेस्को शिखर सम्मेलन में सुझाव के बाद

पहली बार वर्ष उन्नीस सौ सत्तर में पृथ्वी दिवस मनाया गया था। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का विषय है– **हमारी शक्ति, हमारा ग्रह।**

---

इधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर–पूसा में 'पृथ्वी बचाओ सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन को कम करने और आर्थिक विकास को गति देने के लिए बांस की क्षमता का पता लगाना है। इस सम्मेलन में देश भर से करीब बारह सौ प्रतिनिधि शामिल होंगे।

---

भारत सरकार ने इसाइयों के सर्वोच्च पादरी पोप फ्रांसिस के सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पोप फ्रांसिस का कल अट्ठासी वर्ष की उम्र में वेटिकन सिटी में निधन हो गया था। दो दिन का राजकीय शोक आज और कल रहेगा, जबकि अंतिम संस्कार के दिन भी राजकीय शोक होगा।

---

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बक्सर जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार पांडेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बक्सर में बीस अप्रैल को आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' कार्यक्रम में कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में उन पर यह कार्रवाई की गई है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

---

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को दिल्ली एम्स से छुट्टी मिल गई है। उनका पिछले बीस दिनों से एम्स में इलाज चल रहा था। फिलहाल वे दिल्ली में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

---

नालंदा खुला विश्वविद्यालय का सत्रहवां दीक्षांत समारोह आज पटना के बापू सभागार में होगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां करेंगे। दीक्षांत समारोह में तिरेपन विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे। इसमें बयालीस छात्राएं हैं।

---

कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक ओम प्रकाश की हत्या के आरोप में पुलिस ने उनकी पत्नी पल्लवी और बेटी कृति को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि पल्लवी ने आपसी विवाद में अपनी बेटी के साथ मिलकर हत्याकांड को अंजाम दिया था। गौरतलब है कि पश्चिम चंपारण के बगहा के मूल निवासी और उन्नीस सौ इक्यासी बैच के आईपीएस अधिकारी ओम प्रकाश रविवार को बेंगलुरु स्थित अपने आवास पर मृत पाए गए थे।

---

बक्सर की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में तीन सगे भाईयों– बिक्रम पांडेय, अजय पांडेय और उमाशंकर पांडेय को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही इस मामले में दो अन्य को सात–सात वर्ष कारावास और पांच–पांच हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने शराब माफिया अजय झा को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से मादक पदार्थ स्मैक और एक पिस्तौल बरामद की गई है।

---

पटना के पुनपुन थाना क्षेत्र के समनचक के पास पुलिस ने एक ट्रक से एक सौ अठ्हत्तर कार्टन शराब के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

---

गया जिले के पंचानपुर थाना क्षेत्र से एसटीएफ और पुलिस की टीम ने कुख्यात नक्सली विंदेश्वरी यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

---

पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र से पुलिस ने कुख्यात बैंक डकैत प्रमोद बिंद को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – बिहार में दस विभागों के रिक्त चौंसठ हजार पांच सौ उनसठ पदों पर भर्ती जल्द। **दैनिक जागरण** ने मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को प्रमुखता देते हुए लिखा है – हम पर तो पहले से ही दखलंदाजी के लग रहे हैं आरोप। **दैनिक भास्कर** ने मौसम से जुड़ी खबर को अपनी प्रमुख सुर्खी बनाते हुए लिखा  है – अगले तीन दिनों में पारा चार से छह डिग्री तक चढ़ेगा। **प्रभात खबर** की सुर्खी है – सोना अब एक लाख के करीब, मात्र बारह दिन में नौ हजार छह सौ उछला। **राष्ट्रीय सहारा** और **आज अखबार** समेत सभी समाचार पत्रों ने पोप फ्रांसिस के निधन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. वायु सेना की सूर्य किरण टीम आज पटना में एयरोबैटिक– एयर शो शुरू करेगी। कल आयोजित होगा मुख्य समारोह।

02. मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने विभिन्न विभागों में रिक्त चौंसठ हजार पांच सौ उनसठ पदों पर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।

03. राज्य सरकार ने पश्चिम चंपारण के बगहा से भोजपुर के पातर तक नये राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी बयालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ सबसे गर्म स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।